# पीकेवी की जगह पर होगा भव्य एग्रो कन्वेंशन सेंटर

## एग्रो कृषि प्रदर्शनी 23 से 26 नवंबर रेशमबाग मैदान पर




**नागपुर।** विदर्भ में कृषि परिवर्तन की लहर को देखते हुए किसानों को खेती के विषय में नए तंत्रज्ञान के बारे में जानकारी देने के लिए उनके कृषि उत्पाद को योग्य बाजार भाव दिलाने एवं वर्ष भर खेती आधारित न ई- न ई जानकारी उपलब्ध कराने 'एग्री कवेंशन सेंटर' की स्थापना अमरावती रोड पर स्थित पीकेवी में करना विचाराधीन है। उक्त जानकारी देते हुए पत्र परिषद में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कही। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की 43 एकड़ जगह में सेंटर के लिए एक छत के नीचे किसानों के लिए मार्गदर्शन, कार्यशाला, परिसंवाद, किसानों का कृषि माल, प्रक्रियायुक्त कृषि उत्पादन की प्रदर्शनी करने वाली आधुनियक एक्जिबिशन स्थायीरूप से रहेगी। साथ ही यह केंद्र बीओटी तत्व पर बनाया जाएगा। इस वर्ष 10वां एग्रोविजन का आयोजन 23 से 26 नवंबर को रेशिमबाग मैदान में किया जायेगा। एग्रो प्रदर्शनी का उद्घाटन

### उद्घाटन के लिए मोदी और योगी आएंगे

23 नवंबर को मुख्यमंत्री फडणवीस करेगे। इस बार पशुप्रर्दशनी, एग्रोथान के अलावा किसानों का गौरव एग्रोविजन अवार्ड प्रमुख आकर्षण रहेगा। विदर्भ में कृषि विकास के लिए दुग्ध व्यवसाय, मत्सय व्यवसाय, कुक्कुट पालन,बांस की खेती व व्यवसाय के अवसर के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस वर्ष त्रिपूरा, असम, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में एग्रोविजन सलाहकार समिति के अध्यक्ष डा. सी डी मायी, सचिव रवि बोरटकर, रमेश मानकर, सांसद कृपाल तुमाने, विधायक मलिकार्जुन रेड्डी, पूर्व विधायक आशीष जैस्वाल जिला परिषद अध्यक्ष निशा सावरकर सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।